नवभारत
भोपाल, शनिवार 7 मार्च 2026

गायब युवक का पहाड़ी पर मिला शव

छतरपुर, 6 मार्च. छतरपुर जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरद्वारपुर में होली के दिन से लापता एक युवक

- **होली के बाद से था गायब अचेत हालत मिला था**
- **अस्पताल में मृत घोषित सागर में ट्रक चालक था**

का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई. युवक को पहाड़ी पर पड़े होने की सूचना मिलने के बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों

ने मृत घोषित कर दिया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

मृतक की पहचान मुकुंद यादव उर्फ बालमुकुंद (26 वर्ष) के रूप में हुई है. वह अविवाहित था और सागर में एक व्यापारी के यहां ट्रक चालक का काम करता था. परिवार में शादी और होली का त्योहार होने के कारण वह कुछ दिनों के लिए अपने गांव आया हुआ था.

परिजनों के अनुसार होली के दिन दोपहर के समय बालमुकुंद गांव के बाहर सड़क किनारे बैठा हुआ था. इसके बाद वह अचानक कहीं चला गया और देर शाम तक घर नहीं लौटा. काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला. इसी बीच गांव के एक व्यक्ति ने सूचना दी कि वह पास की पहाड़ी पर पड़ा हुआ है.

सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत लवकुशनगर के स्वास्थ्य केंद्र ले गए. वहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल छतरपुर भेजा गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

> परिजनों ने बताया कि युवक ने होली के दिन शराब पी रखी थी, लेकिन दोपहर तक वह सामान्य हालत में था. ऐसे में उसकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा.

नहर में नहाने गई 9 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत

खजुराहो के पास इमलाहा गांव की घटना, पैर फिसलने से तेज बहाव में बह गई बच्ची

छतरपुर, 6 मार्च. खजुराहो के पास बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमलाहा में शुक्रवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया. घर के पीछे बह रही नहर में नहाने गई 9 वर्षीय बच्ची की डूबने से मौत हो गई. घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

मिली जानकारी के अनुसार संध्या साहू (9 वर्ष) पिता राम बहादुर साहू शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अपनी बहन के साथ नहर में नहाने गई थी. इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर के तेज बहाव में बहकर डूब गई. बच्ची को डूबता देख उसकी बहन और आसपास के लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई. घटना की जानकारी मिलते ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद नहर का पानी तत्काल बंद कराया गया ताकि बच्ची की तलाश की जा सके. ग्रामीणों और पुलिस की मदद से काफी देर तक सर्च अभियान चलाया गया. करीब दोपहर 2 बजे बच्ची का शव नहर में कुछ दूरी पर मिला. सूचना पर बमीठा पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया.

सीएम यादव आज 163 .62 करोड़ की देंगे सौगात

नवभारत न्यूज

विदिशा 6 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी शनिवार को शमशाबाद में आयोजित कार्यक्रम में जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से अनेक निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे वहीं जिला स्तरीय फिंगरप्रिंट लेब योजना का शुभारंभ और विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को हितलाभ वितरित कर लाभान्वित करेंगे.

जारी विधानसभा वार संक्षेपिका के अनुसार जिले में कुल 97 विकास कार्यों के माध्यम

से लगभग 163.62 करोड़ रुपये की लागत के कार्यों की सौगात दी गई है. जिसमें 104.30 करोड की लागत के 56 निर्माण कार्यों का शिलान्यास वहीं 59.32 करोड की लागत से पूर्ण कराए गए 41 निर्माण कार्यों का लोकार्पण शामिल है.

कॉलेज जाने निकली छात्रा 6 दिन से लापता

छतरपुर, 6 मार्च. छतरपुर में कॉलेज के लिए घर से निकली 18 वर्षीय बी.फार्मा छात्रा पिछले छह दिनों से लापता है. छात्रा 28 फरवरी 2026 की सुबह घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी.

- **सीसीटीवी में ऑटो में बैठती दिखी**
- **मोबाइल स्विच ऑफ, पुलिस जांच में जुटी**

परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए सिविल लाइन पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छात्रा की तलाश में जुटी हुई है.

> परिजनों ने कॉलेज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन छात्रा का कोई पता नहीं चल सका. इसी दौरान सामने आए एक सीसीटीवी फुटेज में छात्रा सुबह करीब 8 बजकर 25 मिनट पर एक ऑटो में बैठते हुए दिखाई दे रही है. इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है.

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सटई रोड इलाके में किराए के मकान में रहने वाली छात्रा कृष्ण यूनिवर्सिटी में बी.फार्मा की पढ़ाई कर रही है. वह रोज की तरह 28 फरवरी को सुबह करीब 8 बजे कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटी. शाम करीब 5 बजे तक घर नहीं पहुंचने पर उसके भाई नमन ने पिता को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की. परिजनों का कहना है कि छात्रा पिछले करीब एक महीने से किसी अज्ञात लड़की से फोन पर बातचीत कर रही थी. फिलहाल दोनों के मोबाइल फोन स्विच ऑफ आ रहे हैं, जिससे मामले में संदेह और गहरा गया है. पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और संभावित स्थानों पर तलाश कर रही है.

दलित युवकों से मारपीट

पीड़ितों ने गांव के दबंगों पर लगाया आरोप

छतरपुर, 6 मार्च. छतरपुर नगर के किशनगढ़ पुलिस स्टेशन एरिया रायपुरा विलेज में दलित युवकों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. गुरुवार रात करीब 12:30 बजे राईपुरा गांव निवासी रवि अहिरवार और प्रकाश अहिरवार को घायल हालत में जिला अस्पताल लाया गया.

पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि गांव के कुछ दबंगों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोट आई है. परिजनों की मदद से उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉ. आनंद त्रिपाठी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को भर्ती कर लिया. घायलों का कहना है कि आरोपियों ने अचानक हमला कर उन्हें पीटा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है और उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. फिलहाल पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है.

बच्चों के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलका में बच्चों के आपसी विवाद ने बड़ा रूप ले लिया, जिसके बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई. इस घटना में दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों ने बताया कि 6 मार्च की सुबह करीब 11 बजे बच्चों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी. देखते ही देखते यह विवाद बढ़कर बड़ों तक पहुंच गया और दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए. इसके बाद लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई, जिससे कई लोग घायल हो गए. घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई. परिजन और ग्रामीण घायलों को तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज जारी है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी घटना को गंभीरता से लिया है. पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और शिकायत मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.

पहुंच विहीन बसाहट में बनेंगी 74 ग्रामीण सड़कें

बड़ा मलहरा व बक्सवाहा विकासखंड गांव में शामिल हैं

बड़ा मलहरा, 6 मार्च. बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र विधायक रामसिया भारती के प्रयासों के चलते बड़ामलहरा एवं बक्सवाहा विकासखण्ड के ग्रामीण इलाकों की पहुंचविहीन बसाहट मजरा टोला को मुख्यमंत्री मजरा टोला सड़क योजनान्तर्गत सड़कों के निर्माण को कार्ययोजना में शामिल किया गया है.

इससे बड़ामलहरा एवं बक्सवाहा विकासखण्ड मे 74 सड़कों का निर्माण किया जायेगा, जिसमें 50 बड़ामलहरा में तथा 24 सड़कें बक्सवाहा विकासखण्ड में बनाई जाएंगी . उक्त डामरीकृत सड़कों के निर्माण से आवागमन सुलभ होगा. बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री मजरा टोला योजनान्तर्गत तकरीबन एक सौ किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जायेगा, जिसमें बड़ामलहरा विकासखण्ड में 74-749 किलोमीटर, जबकि बक्सवाहा विकासखण्ड में 33- 326 किलोमीटर सड़कों के निर्माण के लिए उक्त योजनान्तर्गत पांच वर्षीय कार्ययोजना में शामिल किया गया है. म.प्र.ग्रामीण बिकास प्राधिकरण परियोजना क्रियान्वयन इकाई छतरपुर के महाप्रबंधक ने क्षेत्रीय विधायक रामसिया भारती को योजना के संबंध में पत्र लिखा है.

> योजना अन्तर्गत बनने वाली 74 सड़कों में बड़ामलहरा बिकासखण्ड के मजरा टोलो में हरिजनपुरुवा, सफनपट्टी, हरदौटा (सुजानपुरा), सिजवाहा, मबया, कुवरपुरा खुर्द, लड़ईयाखेरा, मोली, मलपुरा, बिजाक,सलईया खेरा, बलया, चपकन, ढड़ौरा, कुसाई, मढ़ीखेरा, भनगुवां, मझखेरा, मौली, भरवानी, फुटवारी, बरेठी, पिपरा, चैनपुरा, बिलवार (पटेलपुरवा), रैपुरा कलां, बधियन (उबरी), लिधौरा (गड़रियनखेरा),कचरा, कुवरपुराखुर्द, चिरोलाखेरा, लिधौरा, कुर्रा, नयाखेरा, बंधा, रानीखेड़ा, चैनपुरा (बलया) चदौली शामिल हैं .

एक माह दुनिया से दूर रहेंगे धीरेन्द्र शास्त्री

छतरपुर, 6 मार्च. सनातन धर्म के प्रचारक और धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री एक बार फिर आध्यात्मिक साधना के लिए विशेष निर्णय लेने जा रहे हैं. उन्होंने बताया है कि आगामी मई महीने में वे करीब एक माह तक पूरी तरह एकांतवास में रहेंगे और इस दौरान किसी भी प्रकार के संपर्क से दूर रहेंगे.

- **मई में बर्फीले पहाड़ों पर करेंगे गुप्त साधना**

इस अवधि में वे न तो बागेश्वर धाम में मौजूद रहेंगे और न ही किसी प्रकार की कथा, दिव्य दरबार या सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित होंगे. उन्होंने कहा कि यह समय पूरी तरह साधना और

आत्मिक साधनाओं को समर्पित रहेगा. जानकारी के अनुसार वे बद्रीनाथ धाम के आसपास स्थित बर्फीले और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में जाकर एकांत साधना करेंगे. यह साधना गुरु की आज्ञा से की जा रही है, जिसका उद्देश्य आध्यात्मिक रूप से स्वयं को अधिक अनुशासित और मजबूत बनाना बताया जा रहा है. इस दौरान वे पूरी तरह संपर्क से बाहर रहेंगे. न मोबाइल फोन का उपयोग करेंगे, न ही किसी प्रकार का संदेश या सार्वजनिक जानकारी साझा की जाएगी. ऐसे में उनके अनुयायियों को एक महीने तक उनके कार्यक्रमों और दिव्य दरबार का इंतजार करना होगा.

> गौरतलब है कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने दिव्य दरबार और धार्मिक कथाओं के माध्यम से देश-विदेश में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के बीच पहचान बना चुके हैं. अब वे कुछ समय के लिए सार्वजनिक जीवन से विराम लेकर पूरी तरह आध्यात्मिक साधना में लीन होने जा रहे हैं.

एक नजर में

परीक्षा तिथि में बदलाव से छात्र परेशान

गंजबासौदा, भारत माता कॉन्वेंट स्कूल में परीक्षा तिथियों में अचानक बदलाव किए जाने से छात्रों में मानसिक तनाव की स्थिति बन गई है. इस मामले को लेकर पालकों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए स्कूल प्रबंधन पर बिना पूर्व सूचना के निर्णय लेने का आरोप लगाया है .जानकारी के अनुसार होली अवकाश घोषित होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने परीक्षा कायक्रम में बदलाव कर दिया . पहले 4 मार्च को होने वाला कक्षा 9 का साइंस और कक्षा 11 का इकोनॉमिक्स का पेपर कक्षा 11 का पेपर 7 मार्च को कर दिया गया और वही कक्षा 9 का साइंस का पेपर 9 तारीख को कर दिया गया . कक्षा 9 वहीं 9 मार्च को प्रस्तावित एक अन्य परीक्षा को प्रीपोन कर 7 मार्च कर दिया गया 7 मार्च को होने वाला पेपर 9 मार्च को कर दिया गया .कक्षा 9 के छात्रों का कहना है कि 6 मार्च को सोशल साइंस था और कक्षा 11 के छात्रों का कहना है कि उनका इंग्लिश का पेपर पहले से तय था और उसी के अनुसार वे तैयारी कर रहे थे .अचानक परीक्षा तिथियों में बदलाव होने से पढ़ाई का पूरा शेडयूल बिगड़ गया, जिससे कई छात्र तनाव में आ गए .पालकों का कहना है कि परीक्षा जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में बदलाव करने से पहले स्कूल प्रबंधन को विद्यार्थियों और अभिभावकों को समय रहते सूचित करना चाहिए था . अचानक किए गए बदलाव से बच्चों की तैयारी प्रभावित हुई है .

चोरी की वारदात के सात आरोपी गिरफ्तार

सांची . क्षेत्र में जुआ, सट्टा और अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही सांची पुलिस ने अब हाईवे पर हुई चोरी की वारदात का भी सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है . प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अमित कोरी निवासी हिराखेड़ा राहतगढ़ ने 4 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि भोपाल की रिलायंस कंपनी की फोजन पिकअप वाहन को 3 मार्च की रात करीब 11 .30 बजे मेहगांव के पास बायपास पर खड़ा किया गया था . इसी दौरान वाहन में रखा काला बैग, जिसमें तीन मोबाइल फोन, एक पोको कंपनी का मोबाइल, सामान की लस्सी के पैकेट तथा करीब 4000 रुपये नकद सहित कुल लगभग 19 हजार रुपये का सामान रखा था, अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी कर लिया गया .जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया . पुलिस ने चोरी गए मोबाइल फोन व नकदी में से कुछ रकम बरामद कर ली है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया . लखन जाटव (23) निवासी संगमपुर रायसेन, भावेश उर्फ भोला (20) निवासी पटेल नगर रायसेन, रोहित राजपूत (18) निवासी राहुल नगर रायसेन,रोशन बैरागी (20) निवासी सेंदोरा रायसेन,अरुण अहिरवार (21) निवासी भौरा थाना कोतवाली रायसेन, रोहित बैरागी (19) निवासी राहुल नगर रायसेन तथा एक बाल अपचारी .कार्रवाई में थाना प्रभारी जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक गणेशराम कुशवंशी, सुनील लोधी, दिलीप कुशवंशी, सुरेश गौड़ तथा आरक्षक सौरभ कुशवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही .

राज्यमंत्री ने खेली कीचड़ की होली

दिलीप अहिरवार ने समर्थकों संग जमकर मनाया त्यौहार

छतरपुर, 6 मार्च. छतरपुर जिले की चंदला विधानसभा से विधायक और मध्यप्रदेश सरकार में राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार इस बार होली के रंग में पूरी तरह रंगे नजर आए. उन्होंने पारंपरिक रंग-गुलाल के साथ अनोखे अंदाज में कीचड़ की होली खेलकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया.

होली के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अहिरवार अपने समर्थकों और साथियों के साथ कीचड़ में उतरकर होली खेलते दिखाई दिए. इस दौरान उन्होंने एक-दूसरे पर कीचड़ और रंग लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और समर्थक भी मौजूद रहे. मौके पर ढोल-नगाड़ों और होली गीतों के बीच पूरा माहौल उत्सवी बना रहा. लोग नाचते-गाते और एक-दूसरे को रंग लगाते नजर आए. मंत्री के साथ कीचड़ की होली खेलते हुए कई वीडियो और तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं. होली के इस अनोखे अंदाज ने लोगों के बीच खासा आकर्षण पैदा किया और पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया.

युवक और उसकी मां पर जानलेवा हमला

छतरपुर, 6 मार्च. छतरपुर जिले के जुझारनगर थाना क्षेत्र के ग्राम खेरा में युवक और उसकी मां पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.

- **एसपी को दिया आवेदन**

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सुरेश अनुरागी ने बताया कि 4 मार्च की रात लगभग साढ़े आठ बजे उनका पुत्र रोहित अनुरागी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था. जब वह गांव में कमल साहू के घर के सामने से गुजर रहा था, तभी अनीश साहू ने

उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा. विरोध करने पर अनीश साहू ने लोहे के धारदार हथियार से रोहित के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.

रोहित की आवाज सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां चंदन अनुरागी के साथ भी कमल साहू और उसके परिवार के अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी. इस हमले में रोहित के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि उसकी मां की कलाई में फ्रैक्चर बताया जा रहा है. दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने रोहित की मोटरसाइकिल भी छीन ली और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. वहीं पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उनकी जल्द गिरफ्तारी की मांग की है.

शुभारंभ | **डीआईजी विवेक खत्री ने किया शुभारंभ, 24 घंटे पुलिस तैनाती और सीसीटीवी से बढ़ेगी सुरक्षा**

नौगांव बस स्टैंड पर नई पुलिस चौकी का लोकार्पण

छतरपुर, 6 मार्च. नौगांव के अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर शुक्रवार को नवीन पुलिस चौकी का लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक खत्री रहे. इस अवसर पर अगम जैन, कामाख्या प्रताप सिंह, मानवेंद्र सिंह भवर, एसडीओपी अमित मेश्राम और थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे सहित कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे.

कार्यक्रम के दौरान पूजा-अर्चना के बाद फीता काटकर पुलिस चौकी का शुभारंभ किया गया. यह आयोजन दोपहर करीब 1 बजे बस स्टैंड परिसर में संपन्न हुआ. पुलिस अधीक्षक आगम जैन ने कहा कि बस स्टैंड जैसे व्यस्त स्थल पर पुलिस चौकी स्थापित होने से यात्रियों और स्थानीय लोगों को तत्काल पुलिस सहायता मिल सकेगी, साथ ही अपराधों पर नियंत्रण रखने में भी मदद मिलेगी.

मुख्य अतिथि डीआईजी विवेक खत्री ने कहा कि आने वाले समय में नौगांव थाना और इस पुलिस चौकी में पुलिस स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाएगी. उन्होंने बताया कि नौगांव क्षेत्र उत्तर प्रदेश की सीमा से लगा

हुआ है, इसलिए यहां सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा. चौकी पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और 24 घंटे पुलिस बल की तैनाती रहेगी. वहीं महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं. स्वास्थ्य, शिक्षा और खेल सुविधाओं के साथ अब पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी यह चौकी महत्वपूर्ण साबित होगी. उन्होंने बताया कि भविष्य में नौगांव थाना, अलीपुर और हरपालपुर में विधायक निधि से आवश्यक निर्माण कार्य भी कराए जाएंगे.

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अनूप तिवारी, सीएमओ आई.एस. अवस्थी सहित कई जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे.

वर्ल्ड रिकॉर्ड में चुनी गई पुस्तक प्रणव

कुरवाई 6 मार्च. कुरवाई क्षेत्र में पदस्थ आदर्श शिक्षक शिक्षक प्रमोद चौहान ने पुस्तक अर्ध समवृत्त छंद प्रणद 2048 में अपने नवीन छंद लिखकर मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है.पूर्व सैनिक एवं आदर्श शिक्षक प्रमोद सिंह चौहान जो की शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार के लिए जाने जाते हैं उनके द्वारा अब लेखन कार्य में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई जा रही है. श्री चौहान के द्वारा नव प्रस्तावित अर्ध समवृत्त छंद प्रणद 2048 नामक पुस्तक में अपने नवीन छंद लिखकर मैजिक बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया गया है.